भाकृअनुप – केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान,अविकानगर

ICAR - Central Sheep & Wool Research Institute, Avikanagar

स्वच्छता पखवाड़ा (16 दिसंबर -31 दिसंबर, 2023)

दैनिक रिपोर्ट : 23 दिसंबर, 2023

आज दिनांक 23 दिसंबर, 2023 को संस्थान में किसान दिवस के उपलक्ष्य मे "राष्ट्रीय किसान -संगोष्ठी "का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अथिति स्थानीय मालपुरा -टोड़ारायसिंहनगर विधायक श्रीमान कन्हैयालाल चौधरी, विशिष्ट अथितियों के रूप मे श्री सुधीर मान स्टेट मार्केटिंग मैनेजर ईफको, डॉ नंदलाल सेपट अध्यक्ष फार्मर फोरम व रिटायर्ड प्रोफेसर एग्रॉनमी, श्री खेमाराम महरिया, श्री बी एल मंडीवाल एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

संस्थान निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान द्वारा राजस्थान एवं देश के विभिन्न हिस्सों में अपने संस्थान के द्वारा किये जा रहे किसानों के प्रयासों को विस्तार से उपस्थित अतिथियों एवं किसानो को बताया | कार्यक्रम में स्व.चौधरी चरण सिंह के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रश्नोत्तरियों प्रतियोगिता आयोजित करवाकर विजेता को पुरुस्कार अथितियों द्वारा दिया गया। किसान दिवस के इस अवसर पर आये कृषको को संस्थान व अन्य सामाजिक सगंठनो द्वारा स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया |

संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा भेड़पालक किसानों के लिए नस्ल सुधार हेतु पाटनवाड़ी और मालपुरा नस्ल के मेंडो, अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत मालपुरा तहसील के अनुसूचित जाति के किसानों को आजीविका के लिए सिरोही नस्ल की बकरियों का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय किसान संगोष्ठी कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. लीलाराम गुर्जर के द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा संस्थान में आयोजित अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीएसपी)के 25 किसान को पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रमाण पत्र दिया गया।

किसान दिवस के इस "राष्ट्रीय किसान संगोष्ठी" कार्यक्रम के अवसर पर 500 से ज्यादा किसानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

गतिविधियाँ

इफको
ICAR-Central Sheep &

इफको